# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम

कार्यालय :— मुख्य उत्पादन प्रबन्धक केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर, माखुपुरा 305002
दूरभाष : 9549456734, ईमेल — rsrtc.cwsajm@yahoo.com
कमांकः—मु.उ.प्र / के.का.अजमेर / अनु. / 2026 / 158 दिनांक :— 07/02/2026

## निविदा आमंत्रण सूचना

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, माखुपुरा, अजमेर स्थित केन्द्रीय कार्यशाला मे आगामी एक वर्ष की अवधि तक के लिए निम्न कार्य दर संविदा (Rate Contract) के आधार पर कराए जाने हित खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

| S.No. | Description | Qty (approx) | Est. cost(Rs.) |
|---|---|---|---|
| 01. | Air Compressor Tata BS-IV Body Boring & Honning With Sleeve & Sleeve Fitting | 200 | 3,36,400 |

अतः इच्छुक व्यक्ति / संस्था / फर्म / अपनी निविदा / प्रस्ताव (दरों का उल्लेख करते हुए) दिनांक 23.02.2026 को 14.00 बजे तक निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करनी होगी, जिन्हे उसी दिनांक को 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी।

निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा शर्ते इस कार्यालय के कार्य समय में निविदा प्रकाशन के 3 दिवस पश्चात् से रू 500 / — (जीएसटी अतिरिक्त) निविदा शुल्क इस कार्यालय में रोकड़ शाखा मे जमा करवा कर प्राप्त किए जा सकते है। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा प्रपत्र को बिना कोई कारण बताए पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार होगा तथा अन्तिम तिथि व समय के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर विचार नही किया जावेगा।

उक्त निविदा निगम की वेबसाइट http://transport.rajasthan.gov.in/rsrtc पर एवं SPP Portal पर भी उपलब्ध है।

(पूर्णमल कुमावत)
मुख्य उत्पादन प्रबन्धक
केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर

## निविदा की सामान्य शर्तें:–

1. लेबर चार्ज, **GST**, यदि कोई छूट हो, तो उसकी मौजूदा दरें आपके प्रस्ताव में साफ–साफ बताई जानी चाहिए और ऐसा न करने पर, यह मान लिया जाएगा कि संबंधित पैरामीटर आपके प्रस्ताव पर लागू नहीं है या उसे शामिल नहीं माना जाएगा, कृपया इसे साफ तौर पर नोट कर लें।
2. Air Compressor Tata BS-IV Body को केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर से मरम्मत हेतु ले जानें व वापस पहुँचाने की जिम्मेदारी फर्म की होगी तथा मरम्मत का काम फर्म की वर्कशॉप/सर्विस सेंटर में हमारे प्रतिनिधि की मौजूदगी में किया जाएगा।
3. यदि काम के बाद, ऊपर बताए गए काम के कारण 5,000 किमी के अंदर एयर कंप्रेसर खराब हो जाता है, तो काम बिना अतिरिक्त चार्ज के किया जाएगा।
4. बोलीदाता इस टेंडर के किसी हिस्से में भाग नहीं ले सकता जब तक की उसको निविदा आवंटित नहीं कर दी जाती। इस टेंडर का मूल्यांकन सभी कामों में सबसे कम दर के आधार पर किया जाएगा।
5. इस कार्य से संबंधित कोई भी व्यक्ति/फर्म इस टेंडर में भाग ले सकता है।
6. दरें टेंडर खुलने की तारीख से 12 महीने की अवधि के लिए मान्य होगी। समय अवधि मे कमी व बढोतरी आवश्यकतानुसार की जा सकती। काम जरूरतों के अनुसार अलग–अलग चरणों में किया जाएगा।
7. निविदा लिफाफा **मुख्य उत्पादन प्रबंधक केन्द्रीय कार्यशाला अजमेंर के** नाम अंकित किया जायेगा। टेंडर लिफाफा 23–02–2026 को दोपहर 2.00 बजे तक जमा करना है।
8. कार्य का पूर्ण भुगतान बिल जमा करने के 45 दिनों के अंदर किया जायेगा।
9. बोलीदाताओ को वार्षिक अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत बिड सिक्योरिटी राशि केवल डी. डी. जो कि "Chief Production Manager Rsrtc Cws Ajmer" के नाम जमा करानी होगी एवं सफल बोलीदाता वार्षिक अनुमानित लागत का 5 प्रतिशत परफॉर्मेंस सिक्योरिटी राशि जमा करायेगा जिसमे बिड सिक्योरिटी राशि समायोजित की जा सकेगी।
10. आपके द्वारा सबमिट किए गए प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए निगम का निर्णय अंतिम होगा।

11. खरीद प्रक्रिया के दौरान शिकायत निवारण प्रक्रिया –

    (i) प्रथम अपीलीय अधिकारी श्रीमान कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) कार्यालय रारापपनि मुख्यालय जयपुर होगा।

    (ii) द्वितीय अपीलीय अधिकारी श्रीमान प्रबंध निदेशक कार्यालय रारापपनि मुख्यालय जयपुर होगा।

12. Arbitration and conciliation Act, 1996/नवीनतम संशोधन, यदि कोई हो, के अनुसार मतभेद की कार्यवाही जयपुर, राजस्थान, भारत में होगी।

प्रस्ताव मुख्य उत्पादन प्रबंधक,केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर के कार्यालय में 23–02–2026 को दोपहर 2.00 बजे तक एक सीलबंद लिफाफे में टेण्डर बॉक्स मे डालना आवश्यक होगा और इसे उसी तारीख को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित प्रतिनिधियों की मौजूदगी में कार्यशाला कमेटी के समक्ष खोला जाएगा।

(पूर्णमल कुमावत)<br>
मुख्य उत्पादन प्रबन्धक<br>
केन्द्रीय कार्यशाला अजमेर